| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 25. | Chandigarh | 2·30 | 1·56 | 3·86 |
| 26. | D. and N. Haveli | .. | .. | .. |
| 27. | Delhi | 7·50 | 8·29 | 15·79 |
| 28. | Goa Daman and Diu | 17·50 | 16·87 | 34·37 |
| 29. | Lakshadweep | 4·60 | 1·50 | 6·10 |
| 30. | Mizoram | 11·50 | 9·25 | 20·75 |
| 31. | Pondicherry | 5·00 | 5·00 | 10·00 |
| | ALL INDIA | 7045·00 | 5329·99 | 12374·99 |

**कन्हर परियोजना का निर्माण कार्य**

6533. **श्री राम प्यारे पनिका :** क्या **सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि : कि :

(क) क्या अन्य संबंधित राज्यों के साथ समझौता न होने के कारण मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश) में कन्हर परियोजना के निर्माण कार्य में गतिरोध उत्पन्न हो गया है :

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने अन्य संबंधित राज्यों की सहमति लेने के लिए कोई कार्यवाही की है

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(घ) परियोजना कब तक पूरी हो जाएगी ?

**सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जिया उर्रहमान अंसारी)** : (क) उत्तर प्रदेश की कन्हर सिंचाई परियोजना को अभी योजना आयोग द्वारा आनुमोदित नहीं किया गया है, क्योंकि माध्य प्रदेश और बिहार में इस परियोजना से जलमग्न होने वाले क्षेत्र के बारे में अभी इन राज्यों की सहमति प्राप्त नहीं हुई है ।

(ख) और (ग) : उत्तर प्रदेश सरकार ने मध्य प्रदेश और बिहार की सरकारों की सहमति प्राप्त करने के लिए इनके साथ बैठकें की हैं । अगस्त, 1980 में केन्द्रीय जल आयोग में अधिकारियों के स्तर पर भी एक बैठक हुई थी । अब अधिकारियों के स्तर पर एक और बैठक बुलाने का प्रस्ताव है, जिसके बाद केन्द्रीय सिंचाई मंत्री द्वारा मुख्य मंत्रियों के स्तर पर एक बैठक बुलाई जा सकती है ।

(घ) मौजूदा संकेतों के आनुसार इस परियोजना के सातवीं योजना में पूरा होने की संभावना है ।

**Prospects of Inland and Marine Fisheries in West Bengal**

6534. SHRI MUKUNDA MANDAL: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether Government are aware of the prospects of inland and marine fisheries of West Bengal;

(b) if so, the fact thereof; and

(c) the measures taken by Government in regard thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE AND RURAL RECONSTRUCTION (SHRI R. V. SWAMINATHAN): (a) Yes, Sir.

(b) West Bengal is the largest inland fish producing State in India accounting for one-third of the in-

land fish production of the country. West Bengal with 7 lakh hectares of inland fisheries and 64 KM of marine coast line has good prospects further for development of fisheries. The estimated potential resources of the upper east coast off West Bengal and Orissa is about 0.75 million tonnes.

(c) For development of inland fisheries, and Inland Fisheries Project with World Bank assistance is already under implementation in 11 districts of West Bengal. A number of brackish water fish farms are proposed under construction with assistance from International Fund for Agricultural Development (IFAD) and Government of India. For development of marine fisheries, fishing harbours at Roy Chowk and a jetty at Namkhana are nearing completion. Exploratory surveys are being carried out with Calcutta as a base to assist the development of marine fisheries.

**चीनी का उत्पादन**

6535. **श्री नरसिंह मकवाना :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चीनी के उत्पादन में वृद्धि के बावजूद लोगों की कठिनाई दूर नहीं हुई है और इस संदर्भ में सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है;

(ख) क्या सरकार को पता है कि चीनी मिल मालिक उत्पादन घटाने का प्रयास कर रहे हैं ; और

(ग) यदि हां, तो इस मामले में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

**कृषि तथा ग्रामीण पुर्ननिमाण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर. वी. स्वामीनाथन) :** (क) जी नहीं । उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रत्येक मास लेवी और मुक्त बिक्री की चीनी की पर्याप्त मात्रा दी जा रही है ।

(ख) जी नहीं । सरकार को ऐसी कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है ।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता ।

**खादी ग्रामोद्योग भवन, नई दिल्ली की मोटर गाड़ी से मार्ग में माल की चोरी**

6536. **श्री निहाल सिंह :** क्या ग्रामीण पुर्ननिर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि खादी ग्रामोद्योग भवन, नई दिल्ली की उस मोटर गाड़ी से 25000 रुपये के मूल्य का सामान चोरी किया पाया गया, जो 19 जून 1979 को जयपुर जा रही थी ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराये जाने के बावजूद खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने अभी तक कोई भी विभागीय कार्यवाही नहीं की है ; और

(घ) यदि हां, तो इस मामले में कार्यवाही कब तक किये जाने की संभावना है ;

**कृषि और ग्रामीण पुर्ननिर्माण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बालेश्वर राम)**

(क) और (ख) खादी तथा ग्रामोद्योग भवन, नई दिल्ली के दो अधिकारी भवन के एक मुद्रक और खादी घर, मिर्जा इस्माइल रोड, जयपुर को सामान पहुंचाने के लिए 13-6-1979 को खादी ग्रामोद्योग भवन के वाहन संख्या डी०एच० जी०-8267 द्वारा जयपुर, बसी तथा दौसा गए थे । जयपुर में वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया था । दुर्घटना होने के पश्चात् वाहन में गए अधिकारियों को 14-6-79 को पता चला कि एक बक्सा जिसमें लगभग 22,806.12 रुपए के मूल्य (जिसमें पैंकिंग की सामग्री का मूल्य भी शामिल है) का सिल्क का सामान तथा दो दरियां थीं, गायब हो गई थीं ।

(ग) और (घ) जयपुर तथा दौसा के पुलिस थानों में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के अलावा, कमीशन द्वारा प्रारम्भिक जांच-पड़ताल भी की गई थी तथा प्रारंभिक जांच-पड़ताल के निष्कर्षों के आधार पर तीन अधिकारियों के विरुद्ध आरोप लगाए गए थे तथा उन्हें आरोपपत्र दिए गए थे । इन अधिकारियों से आरोप-पत्र के उत्तरों की प्रतीक्षा की जा